Title: Issue of non-payment of compensation to the dependent family members of the Indian workers killed in Iraq.

श्री अविनाश राय खन्ना (होशियारपुर) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, पंजाब के काफी लोग इराक में मजदूरी करने के लिए, ट्रक चलाने के लिए जाते हैं। आपको मालूम है कि वहां तीन लोग अभी भी बंदी बने हुए हैं, जिसमें दो पंजाब के हैं। वहां एक ऐसी घटना हुई है, पंडोरीकद जिला होशियारपुर में पड़ता है, वहां का मंदीप सिंह सन ऑफ जोगिंदर सिंह एक ड्राइवर था, उसकी वहां हत्या कर दी गई। वहां न तो इराक सरकार ने और जिस कम्पनी में वह काम करता था, न ही उसने, न ही पंजाब सरकार और भारत सरकार ने उसे कम्पनसेशन देने की बात कही है।

इसलिए मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि जो लोग रोजी-रोटी कमाने के लिए बाहर जाते हैं, उनकी सुरक्षा का प्रबंध हो और काम के दौरान अगर उनकी मौत हो जाती है तो उन्हें कम्पनसेशन देने के लिए सरकार कदम उठाए, यह मेरा निवेदन है।